जल जीवन मिशन के तहत 1055 करोड़ 99 लाख रुपए की 104 संशोधित लघु पेयजल योजनाओं (ओटीएमपी) को स्वीकृति

चर्चा में क्यों?

22 दिसंबर, 2022 को राजस्थान के जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग के अतिरिक्त मुख्य सचिव डॉ. सुबोध अग्रवाल की अध्यक्षता में हुई राजस्थान वाटर सप्लाई एवं सीवरेज मैनेजमेंट बोर्ड (आरडब्ल्यूएसएसएमबी) की वित्त समिति की बैठक में विभाग ने 1055 करोड़ 99 लाख रुपए की 104 संशोधित लघु पेयजल योजनाओं (ओटीएमपी) को प्रशासनिक एवं वित्तीय स्वीकृति दी गई।

प्रमुख बिंदु

- डॉ. सुबोध अग्रवाल ने बताया कि विभाग द्वारा जल जीवन मिशन के तय लक्ष्य को हासिल करने की दिशा में तेजी से कदम बढ़ाए जा रहे हैं। इन लघु पेयजल योजनाओं (ओटीएमपी) के माध्यम से प्रदेश में 1 लाख 18 हज़ार 588 हर घर जल कनेक्शन दिये जाएंगे।
- बैठक में जोधपुर ज़िले की 183 करोड़ 83 लाख रुपए की तिंवरी-मथानिया-ओसियाँ-बावड़ी-भोपालगढ़ जलापूर्ति परियोजना की निविदा को मंजूरी दी गई। इसके अलावा 131 करोड़ 97 लाख रुपए की बाड़मेर एवं रामसर तहसील को नर्मदा आधारित जलापूर्ति परियोजना की निविदा को भी स्वीकृति दी गई। परियोजना के तहत इन दोनों तहसीलों के 217 गाँवों में जल कनेक्शन, स्वच्छ जलाशयों के निर्माण एवं पंपिंग स्टेशन सहित अन्य कार्य भी किये जाएंगे।
- बैठक में बारां ज़िले के छबड़ा एवं छीपा बडौद क्षेत्र के करीब 20 से अधिक गाँवों को ल्हासी डेम से पेयजल पहुँचाने के लिये 34 करोड़ 34 लाख रुपए की परियोजना की निविदा को मंजूरी दी गई। इसके तहत उच्च जलाशय, पंपिंग स्टेशन, जल कनेक्शन जैसे कार्य होंगे।
- इसके अलावा उदयपुर ज़िले की बडगाँव पंचायत समिति के 11 गाँवों में जल कनेक्शन देने के लिये 11 करोड़ 79 लाख रुपए की परियोजना की निविदा स्वीकृत की गई।
- जोधपुर ज़िले की भोपालगढ़ पंचायत समिति के मरूस्थलीय विकास कार्यक्रम (डीडीपी) के गाँवों में जल कनेक्शन एवं पाइप लाइन जैसे कार्यों के लिये 6 करोड़ 5 लाख रुपए की निविदा को भी मंजूरी दी गई।

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/104-modified-small-drinking-water-schemes